कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0 भोपाल.

क्रमांक जी0बी0/दो(30)2017/ 781 भोपाल, दिनांक 12-4-2017

## ई–निविदा सूचना

स्क्रीन प्रिंटिंग, प्लेट मैकिंग, कम्पोजिंग, डाई एम्बोजिंग, यू0व्ही0 कोटिंग कार्य हेतु आई.टी. विभाग की वेबसाईड https://mpeproc.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक **16-5-2017** अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन तकनीकी भाग के अनिवार्य अर्हता एवं परिशिष्ट–एक अनुसार चाहे गये दस्तावेजों की हार्डकापी सहित की–डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग दिनांक **16-5-2017** को अपराह्न 3.00 बजे उपस्थित निविदाकारो/ उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा। परीक्षण उपरान्त सफल निविदाकारों के कामर्शियल भाग को दिनांक **17-5-2017** को अपराह्न 2.30 बजे उपस्थित निविदाकारो/ उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाऊनलोड की जावेगी।

किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना ***https://mpeproc.gov.in*** एवं ***www.govtpressmp.nic.in*** पर उपलब्ध रहेगी।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.

# Key Dates and Time

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid document downloading end date | : | 5.00 PM on 15-5-2017 |
| 2. | Bid closing & last date & time for submission on online Bids | : | 2.00 PM on 16-5-2017 |
| 3. | Last Date & time for submission of Hard Copy of Bids. | : | 2.30 PM on 16-5-2017 |
| 4. | Date of Opening of Technical Bids | : | 3.00 PM on 16-5-2017 |
| 5. | Date of Opening of Commercial Bids. | : | 2.30 PM on 17-5-2017 |

## इच्छुक निविदाकारो से स्क्रीन प्रिंटिंग, प्लेट मैकिंग, कम्पोजिंग, डाई एम्बोजिंग, यू0व्ही0 कोटिंग कार्य हेतु दरें आमंत्रक की नियम एवं शर्ते

1. स्क्रीन प्रिंटिंग, प्लेट मैकिंग, कम्पोजिंग, डाई एम्बोजिंग, यू0व्ही0 कोटिंग कार्य हेतु दर निर्धारण हेतु आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाइट ***https://mpeproc.gov.in*** से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक **16-5-2017** तक अन्य समस्त करों सहित आमंत्रित की जाती है।

2. ऑनलाईन बिडिंग के अन्तर्गत प्रस्तुत तकनीकी भाग की जानकारी की हार्डकापी की–डेट्स अनुसार दिनांक **16-5-2017** अपराह्न 2.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। निविदा का तकनीकी भाग ऑनलाईन दिनांक **16-5-2017** अपराह्न 3.00 बजे पोर्टल से डाऊनलोड की जावेगी। तकनीकी भाग में सफल निविदाकारों का कमर्शियल भाग दिनांक **17-5-2017** अपराह्न 2.30 बजे पोर्टल से डाऊनलोड किया जावेगा।

3 प्रोसेसिंग फीस रूपये 250=00 एवं सर्विस टैक्स का भुगतान वेबसाइट से ऑनलाईन करने के उपरांत निविदा प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकेगा।

4 निविदा प्रपत्र के रूप में राशि रूपये 1,000/–का डिमांड ड्राफ्ट, नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, भोपाल के पक्ष में संलग्न करना होगा। राष्ट्रीयकृत/अनुसूची बैंक का एक वर्ष की अवधि का रूपये 10,000=00 (रूपये दस हजार ) मात्र का एफ.डी.आर नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में तैयार कर धरोहर राशि के रूप में संलग्न करना होगा।

5 आमंत्रित निविदा के नियम, शर्तें एवं कार्य आवंटन नीति की सहमति स्वरूप पदमुद्रा सहित हस्ताक्षर कर निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।

6 फर्म स्थापित होने का प्रमाण पत्र एवं अद्यतल स्थिति में जारी किया गया विद्युत एवं टेलीफोन देयक।

7 वाणिज्यिक कर विभाग से आवंटित पंजीयन प्रमाण पत्र।

8 आयकर विभाग का परमानेन्ट एकाउण्ट क्रमांक की छाया प्रति।

9 फर्म का बैंक का नाम, एकाउण्ट नंबर एवं आई.एफ.एस.सी. कोड की जानकारी एंव फर्म के स्वामित्व की जानकारी प्रस्तुत करे।

10 निविदाकार फर्म का प्रतिदिन उत्पादन क्षमता आयटमवार जिनके लिए दरें प्रस्तुत की जा रही है, का विवरण पत्रक लेटर हेड पर प्रस्तुत करें एवं अनुभव प्रमाण के रूप में किसी शासकीय विभाग अथवा अर्द्वशासकीय कार्यालयो में किये गये कार्य के कार्यादेश की प्रति संलग्न करें।

11 निविदाकार फर्म ऐसे आयटम जैसे कम्प्यूटर डिजाइनिंग, स्केनिंग, कम्प्यूटर टू–प्लेट मेकिंग (सी.पी.टी.), हेतु दरें प्रस्तुत करते समय निविदाकार को स्थापित/क्रय की गई मशीन के देयक की प्रमाणित/सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना होगा।

12 मूलभूत जानकारी के फार्म में जो मशीनरी/सुविधाएं स्थापित होना प्रमाणित होगा, केवल उन्हीं से संबंधित कार्यों की ही दरें विचार योग्य होंगी। अतः कामर्शियल भाग में उन्हीं आयटम्स/कार्यों की दरें देवें।

13. भौतिक निरीक्षण में यदि पाया जाता है कि निर्धारित निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत की गई जानकारी निरीक्षण के समय प्राप्त जानकारी से भिन्न है, तो उक्त तथ्य प्रकाश में आने पर दरें स्वयं मेव निरस्त मानी जायेगा एवं आगामी तीन वर्ष के लिये अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा तथा उसके द्वारा जमा कराई गई धरोहर राशि राजसात कर ली जायेगी।

14. मुद्रण कार्य से संबंधित ऐसे देयक जिनमें एक से अधिक विधा से संबंधित दरों/गणना का समावेश हो ऐसे देयक में अंकित दर का गणना पत्रक संबंधित मुद्रक द्वारा संलग्न करना अनिवार्य होगा।

15 कार्य निर्धारित समय पर देना होगा अन्यथा विलम्ब अवधि हेतु कार्य की लागत का 1% प्रतिदिन के हिसाब से देयक से कटौती की जायेगी।

16. कार्य सौंपे जाने के बाद समय पर कार्य सम्पादित कर के नहीं देने अथवा किसी अन्य कारणों से नियंत्रक कार्यालय को कोई हानि होने पर इस हानि की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं मुद्रक की होगी। ऐसी स्थिति में मुद्रक की **सुरक्षा राशि** राजसात कर ली जायेगी एवं मुद्रक को तीन वर्ष के लिए अयोग्य घोषित कर दरें आमान्य कर दी जावेगी।

17. निविदा की निर्धारित नियम एवं शर्तो का उल्लंघन करने या अन्य किसी कारण से नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल को हुई हानि की राशि की वसूली आवेदक की धरोहर राशि या भू–राजस्व संहिता के प्रावधानों के अन्तर्गत किया जावेगा।

18. कार्य करनें के पूर्व भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर एवं रीवा मुद्रणालयों द्वारा प्रधान कार्यालय से स्वीकृति प्राप्त की जावेगी स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत अनुमोदित दरों पर एल–1 निविदाकार से अनुबंध निष्पादन कर कार्यादेश संबंधित मुद्रणालय द्वारा जारी किया जावेगा। कार्योपरांत फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक, नमूने, एवं उनके स्तर पर गठित समिति द्वारा अनुशंसा के साथ मुख्यालय को प्रस्तुत करना होगा तदोपरांत मुख्यालय से भुगतान स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत ही संबंधित फर्म को भुगतान किया जा सकेगा।

19. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार, नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल का होगा।

20. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत पंच निर्णय हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। पंच निर्णय हेतु आर्बिट्रेशन एवं कान्सीलिएशन एक्ट 1996 के प्रावधान लागू होंगे।

21. इस निविदा के आधार पर यद्यपि वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिये मुद्रण कार्यों की युक्तियुक्त दर निर्धारण किया जावेगा, तथापि नियंत्रक को यह अधिकार होगा कि वह इस निविदा द्वारा स्वीकृत दर से बाध्य न होकर वह कतिपय विशेष प्रकृति के कार्यों के लिये पृथक से निविदा आमंत्रित कर सकेगा (ताकि कार्य विशेष को समय–सीमा में अथवा अधिक प्रतियोगी दरों पर पूर्ण कराया जा सके), कतिपय कार्यों को अन्य शासकीय संस्थाओं को सौंप सकेगा अथवा नियमों या प्रावधानों में संशोधन होने की स्थिति में तद्नुसार कार्यवाही कर सकेगा।

नोट : निविदाकार शर्तो की एवं संलग्न समस्त दस्तावेजों पर स्वरूप
पदमुद्रा सहित
हस्ताक्षर कर निविदा के साथ प्रस्तुत करें।

नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.